
कार्रवाई | जबरन जमीन पर कब्जा कर गुर्गों को संरक्षण देकर कटवाई थी फरारी

# प्रयागराज से गिरफ्तार हुआ गैंगस्टर का पिता

**जबलपुर। कुख्यात गैंगस्टर छोटू चौबे के फरार पिता को क्राइम ब्रांच ने प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित ने जबरन जमीन पर कब्जा कर अवैध मकान बनाकर बेटे गुर्गों को संरक्षण दिया बल्कि फरारी भी कटवाई है। पकड़े गए आरोपी को जबलपुर लाने के बाद न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसे रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है।**





कंट्रोल रूम में एएसपी डॉ. आयुष जाखड़ ने पत्रकारवार्ता में बताया कि क्राइम ब्रांच ने विगत माह भूलन बस्ती में दबिश देते हुये माढ़ोताल में हुई, ग्वारीघाट के हत्या के प्रयास के प्रकरण में फरार आरोपी शेख आदिल निवासी नया मोहल्ला बड़ी ओमती को पकड़ा था। जिससे भारी मात्रा में हथियार बरामद हुये थे। जिसने पूछताछ करने पर उक्त मकान में उसे छोटू चौबे के पिता शेखर चौबे ने फरारी काटने के लिये रूकवाया था व घर भी शेखर चौबे, छोटू चोबे का होना बताते हुये शेखर चौबे के संरक्षण में फरारी काटना बताया था। मकान की तलाशी में मिले भारी मात्रा में हथियार एवं मोबाईल आदि सामग्री जप्त कर आरोपी शेख आदिल, शेखर चौबे, सुयश उर्फ छोटू चौबे, बाबू सिंधी के खिलाफ क्राइम ब्रांच ने प्रकरण दज किया था।

भूलन बस्ती स्थित मकान के सम्बंध में जानकारी जुटाई गई तो पता कि उक्त मकान छोटू चौबे ऊर्फ सुयश चौबे एवं चंद्रशेखर चौबे एवं चंद्रशेखर चौबे की पत्नि रीता चौबे का है जिसके सम्बंध में नगर निगम एवं राजस्व विभाग से जानकारी प्राप्त करने पर ज्ञात हुआ कि छोटू चौबे एवं चंद्रशेखर चौबे एवं चंद्रशेखर चौबे की पत्नि रीता चौबे के नाम से नगर निगम जबलपुर के राजस्व मे कोई रिकार्ड दर्ज नहीं है। खसरा नं. 95 के भूमि अशोक साहू के द्वारा भूमि की प्लाटिंग कर भूखंड विक्रय किया गया गया था। बिल्डर्स अशोक साहू से उक्त विवादित मकान के बने होने के संबंध में पूछताछ करने पर बताया गया कि उसने उक्त भूमि को अपने बेटे के नाम से वर्ष 2012 मे रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर क्रय करते हुये दो लोगों को 1000-1000 वर्गफिट प्लाट विक्रय कर दिया था जिनका नाम राजस्व रिकार्ड में नाम दर्ज है।

और यह भी बताया कि वर्ष 2018-19 मे उसे पता चला कि उक्त दोनों प्लाटो पर किसी और के द्वारा मकान का निर्माण कार्य चल रहा है, तब वह अधबनी दीवार और बाउण्ड्रीवाल तुड़वाने के लिये जेसीबी लेकर निर्माणाधीन मकान मे गया था और दीवार तुड़वा रहा था तभी शेखर चौबे अपने लडके छोटू चौबे के साथ मिलकर खतरनाक हथियार दिखाकर उसे वहां से खदेड़ दिया था। वर्ष 2022 में उसे पता चला कि उक्त दोनों प्लाटो पर छोटू चौबे और शेखर चौबे ने पक्का मकान खड़ा कर लिया है।

डर के कारण कहीं पर शिकायत प्रस्तुत नही की गयी थी। इस मकान में गैंग के सदस्यों की फरारी कटवाई जा रही थी बल्कि अवैध हथियारों की सप्लाई का काम भी यहां से चल रहा था। प्रकरण दर्ज होने के बाद से शेखर चौबे फरार थ। जिसकी गिरफ्तारी पर 3 हजार रूपये का ईनाम भी घोषित किया गया था।

### ऐसे चढ़ा हत्थे

कन्ट्रोल रूम प्रभारी उप निरीक्षक प्रभाकर सिंह परिहार को फरार आरोपी के प्रयागराज में होने की सूचना मिली। जिसके बद क्राइम ब्रांच प्रभारी शैलेष मिश्रा के नेतृत्व में क्राइम ब्रांच की टीम प्रयागराज रवाना हुई जहां से आरोपी चंद्र शेखर चौबे पिता स्व पंडित चेतराम चौबे 75 वर्ष निवासी स्नेह नगर कमला नेहरू थाना मदन महल को अभिरक्षा में लेकर जबलपुर लाया गया।



# सफाई में लापरवाही, ठेकेदारों पर लगाया जुर्माना

**हनुमानताल, संजय गांधी वार्ड में निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त का सख्त एक्शन**

**नवभारत, जबलपुर।** सफाई में लापरवाही बरतने पर हनुमानताल और संजय गांधी वार्ड में काम का जिम्मा संभाल रहे ठेकेदारों पर निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार के फरमान के बाद नगर निगम द्वारा जुर्माना लगाया गया है और साथ ही संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार औचक निरीक्षण करने खेरमाई, हनुमानताल, संजय गांधी वार्ड तथा अब्दुल हमीद वार्ड के अंतर्गत आने वाली विभिन्न बस्तियों, कॉलोनियों, स्कूल परिसरों एवं संजीवनी क्लिनिक परिसर में पहुंचे थे जिस दौरान उन्हें हनुमानताल तालाब एवं रजा चौक क्षेत्र में सफाई में ढिलाई नजर आई।

### लापरवाही बिल्कुल नहीं होगी बर्दाश्त : निगमायुक्त

निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने अधिकारियों को क्षेत्र की सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश भी दिए। इस दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जनस्वास्थ्य और स्वच्छता से जुड़ी व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही वर्षा और आम दिनों में जलभराव रोकने के लिए क्षेत्र के छोटे-बड़े नाले-नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने पर विशेष जोर दिया।

निरीक्षण के दौरान क्षेत्रीय पार्षदों एवं अधिकारियों के बीच बेहतर समन्वय देखने को मिला। इस अवसर पर स्थानीय वार्ड पार्षद कलीम खान एवं आयशा परवीन, अपर आयुक्त देवेंद्र सिंह चौहान, अशफाक परवेज कुरैशी, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अभिनव मिश्रा सहित नगर निगम के अन्य विभागीय अधिकारी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# दुर्गा मंदिर में चोरी, छानबीन में जुटी पुलिस

**जबलपुर।** रांझी थाना अंतर्गत इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के दुर्गा मंदिर में चोरों ने धावा बोलते हुए सोने-चांदी के आभूषण, पूजा सामग्री और साउंड बॉक्स पार कर दिए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई और मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक न्यू शोभापुर ओवरब्रिज निवासी मुकेश शर्मा इंजीनियरिंग कॉलेज परिसर के दुर्गा मंदिर में पुजारी है वे बीती रात मंदिर का दरवाजा बंद कर ताला लगाकर घर चले गए थे। सुबह मंदिर पहुंचने पर उन्होंने देखा कि मुख्य गेट पर ताला लगाने वाला कुंडा टूटा हुआ था और गेट खुला पड़ा था। अंदर जाकर देखा तो अलमारी का ताला भी टूटा मिला। अलमारी में रखी माता जी की सोने की एक मंगलसूत्र, चांदी के दो छोटे छत्र, पीतल के तीन दीपक, पूजा के बर्तन और मंदिर में रखे दो साउंड बॉक्स गायब थे। पुलिस प्रकरण दर्ज कर पतासाजी कर रही है।

### सोता रहा परिवार, चोरों ने लगाई सेंध

कुंडम थाना अंतर्गत मोहनी बैरागी में चोरों ने एक घर में सेंध लगाते हुए सोने चांदी के जेवरात, नगदी पार कर दी। चोरों ने वारदात को उस वक्त अंजाम दिया जब परिवार गहरी नींद में सो रहा था। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर में मिर्जा आमिर बेग 38 वर्ष निवासी मोहनी बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 11 बजे वह एवं उसकी पत्नी व माता पिता खाना खाकर अपने अपने कमरे में सो गये थे शनिवार सुबह लगभग 6 बजे सोकर उठे देखे घर के सभी दरवाजे बाहर से बंद थे उसने चाचा को फोन कर बुलाकर गेट बुलवाये घर के पीछे तरफजाकर देखा पिछली वाली दीवाल में होल था। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था कमरे में रखा सामान बिखरा हुआ था आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर, नगदी 65 हजार रूपये नहीं थे। अज्ञात चोर घर में घुसकर सोने चांदी के जेवर सहित 90 हजार चोरी कर ले गया है।

# नियमित डिग्री के साथ दूरस्थ डिप्लोमा कोर्स किया जा सकता है : हाईकोर्ट

**डिविजन बेंच ने एकलपीठ का आदेश निरस्त कर ग्राम रोजगार सहायक को दी राहत**

**जबलपुर।** हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में साफ किया कि नियमित डिग्री कोर्स के साथ दूरस्थ या पार्ट टाइम डिप्लोमा कोर्स किया जा सकता है। न्यायमूर्ति आनंद पाठक व न्यायमूर्ति बीपी शर्मा की युगलपीठ ने इस आधार पर एकलपीठ का आदेश निरस्त करते हुए अपीलार्थी को राहत प्रदान की।

दरअसल यह मामला पन्ना निवासी वृंदावन अहिरवार की ओर से दायर किया गया था। जिसमें कहा गया कि ग्राम पंचायत बगोहा, पन्ना में ग्राम रोजगार सहायक के पद के लिए जारी विज्ञापन में वृंदावन मेरिट सूची में प्रथम स्थान पर था।

उसने माखनलाल चतुर्वेदी विश्वविद्यालय से नियमित बीकाम के साथ पार्ट टाइम डीसीए कोर्स किया था। दूसरे स्थान पर रहे रामस्वरूप यादव ने इस आधार पर आपत्ति की। जिला स्तरीय चयन समिति ने आपत्ति स्वीकार करते हुए वृंदावन के 50 अंक काट दिए। इसके खिलाफ दायर याचिका एकलपीठ ने खारिज कर दी थी। इसके बाद वृंदावन ने अपील की। युगलपीठ के समक्ष दलील दी गई कि विश्वविद्यालय की अधिसूचना व स्पष्टीकरण में डीसीए को पार्ट टाइम कोर्स बताया गया है, जिसे नियमित डिग्री के साथ किया जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट व अन्य हाईकोर्ट के निर्णय भी प्रस्तुत किए गए। इन आधारों पर युगलपीठ ने अपील स्वीकार कर ली।

### असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्तियां अंतिम फैसले के अधीन

हाईकोर्ट ने असिस्टेंट प्रोफेसर (इतिहास) की चयन प्रक्रिया को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए प्रतिवादियों को नोटिस जारी किए हैं। न्यायमूर्ति विशाल धगत की एकलपीठ ने स्पष्ट किया कि याचिका के लंबित रहने के दौरान की जाने वाली कोई भी नियुक्ति हाई कोर्ट के अंतिम आदेश के अधीन रहेगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सतेन्द्र ज्योतिषी, अभिषेक मिश्रा, अनुजाय मिश्रा व वरुण दुबे ने पैरवी की। मामला विमल कुमार तिवारी व अन्य बनाम मध्य प्रदेश शासन व अन्य से संबंधित है। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सतेन्द्र ज्योतिषी ने बताया कि एमपी-पीएससी ने वर्ष 2025 में इतिहास विषय में असिस्टेंट प्रोफेसर पदों के लिए विज्ञापन जारी किया था। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि वे लंबे समय से उच्च शिक्षा विभाग के अधीन महाविद्यालयों में अतिथि विद्वान के रूप में कार्य कर रहे हैं। याचिका में चयनित अभ्यर्थियों की मार्किंग और उनके द्वारा दी गई जानकारी पर आपत्ति जताते हुए चयन प्रक्रिया को नियम विरुद्ध बताया गया है। साथ ही पात्र अतिथि विद्वानों के लिए निर्धारित 25 प्रतिशत प्रावधान का अनुचित लाभ दिए जाने का आरोप लगाया गया है। हाई कोर्ट ने प्रतिवादियों से जवाब मांगा है।

**एक नजर में**

### मुनाफे का लालच देकर ठगे 1.69 लाख

**जबलपुर।** संजीवनी नगर निवासी युवक को साइबर ठग ने मुनाफे का लालच देकर 1.69 लाख रूपए ठग लिए। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार दोपहर शालिनी ठाकुर 36 वर्ष निवासी धनवंतरी नगर संजीवनीनगर ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसके मोबाइल नम्बर पर मैसेज आया कि टास्क करने के बाद पैसा मिलेगा। उसके व्हाटसएप नंबर को टेलीग्राम ग्रुप में एड कर लिया जिसमें उसे कुछ टास्क दिये गये उसके द्वारा टास्क पूर्ण करने पर कमीशन के बतौर एक हजार रूपये दिये गये, फिर उसे टास्क करने के लिये कहा गया और कुछ पैसे डालने के लिये के लिये कहा गया, उसने अपने फोन पे नम्बर से दिये गये नंबरों पर कुल 13 ट्रांजेक्शन के माध्यम से कुल 1 लाख 69 हजार 800 रूपये डाला गया, जब उनके द्वारा 2 लाख रूपये और मांगे तो उसे शक हुआ कि उसके साथ टेलीग्राम के माध्यम से धोखाधड़ी की गई।

### महिला ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**जबलपुर।** तिलवारा थाना अंतर्गत जोधपुर में एक महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस के मुताबिक मनीराम मरावी 30 वर्ष निवासी जोधपुर टोला स्कूल मोहल्ला तिलवारा ने सूचना दी कि उसकी बहन सरस्वती नरेती की शादी 5 वर्ष पहले अक्षय नरेती से रेंगा झोरी बरगी में हिन्दू रीति रिवाज से हुयी थी बहन की 2 बेटियां हैं बहन की मानसिक स्थिति लगभग एक वर्ष से ठीक नहीं थी। शनिवार सुबह लगभग 6-30 बजे दोनों भांजियां खेलने के लिये चाचा मिहिलाल बरकड़े के घर चली गयीं थीं वह निस्तार के लिये घर के बाहर चला गया था बहन सरस्वती घर पर अकेली थी कुछ समय बाद घर वापस आया देखा बहन सरस्वती नरेती 27 वर्ष सीलिंग में लगे हुक से साड़ी का फंदा बनाकर फांसी पर लटकी थी। जिसकी मौत हो चुकी थी।

# शिविर में 16 परिवारों को अनुकम्पा नियुक्ति की प्रक्रिया समझाई

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में पेंशनभोगियों की समस्याओं के त्वरित निराकरण और लंबित अनुकम्पा नियुक्ति प्रकरणों को गति देने के लिए पेंशनर शिकायत निवारण एवं अनुकम्पा नियुक्ति शिविर आयोजित किए गए। पेंशनर शिविर में ऑल इंडिया रिटायर्ड मेन्स फेडरेशन के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में पेंशन से जुड़ी 8 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनके निराकरण के लिए आवश्यक



कार्रवाई की जाएगी। वहीं, पूर्व में मिली शिकायतों की प्रगति से भी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। अनुकम्पा नियुक्ति शिविर में 16 प्रभावित परिवारों को आवश्यक दस्तावेज व प्रपत्र शीघ्र जमा करने की प्रक्रिया समझाते हुए प्रपत्र तैयार करने का मार्गदर्शन दिया गया। शिविर में अपर मंडल रेल प्रबंधक अभिराम खरे, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह, सहायक कार्मिक अधिकारी रजनीश कुमार, वाई.बी. गुप्ता सहित ओबीसी एसोसिएशन के पदाधिकारी पप्पू यादव एवं संबंधित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। सभी कल्याण निरीक्षकों को प्रभावित परिवारों को आवश्यक सहायता और मार्गदर्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। रेलवे के इस प्रयास से पेंशनरों की शिकायतों के साथ कर्मचारियों के परिवारों से जुड़े लंबित प्रकरणों के निपटारे को गति देने पर जोर दिया गया है।



# कछपुरा ब्रिज के फुटपाथ में धंसाव

**जबलपुर।** कछपुरा ब्रिज पर सड़क किनारे बने फुटपाथ का हिस्सा धंसने और उखड़ने की तस्वीर सामने आई है। ब्रिज के पैदल मार्ग पर जगह-जगह सतह नीचे बैठी नजर आ रही है, जबकि कुछ हिस्सों में स्लैब के नीचे खाली जगह भी दिखाई दे रही है। व्यस्त ब्रिज पर इस तरह की स्थिति राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा को लेकर सवाल खड़े कर रही है।

कछपुरा ब्रिज जबलपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र में आता है। क्षेत्रीय स्तर पर सामने आई इस तस्वीर के बाद अब सवाल यह उठ रहा है कि ब्रिज और उसके फुटपाथ की नियमित तकनीकी निगरानी और रखरखाव किस स्तर पर किया जा रहा है।हालांकि, फोटो में दिखाई दे रहे धंसाव का वास्तविक कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है।

### पहले भी उठे ब्रिजों की गुणवत्ता पर सवाल

शहपुरा के एनएच-45 रेलवे ओवरब्रिज की घटना के बाद पुलों और उनके निर्माण की गुणवत्ता को लेकर व्यापक चर्चा हुई थी। फरवरी 26 में ब्रिज का एक हिस्सा गिरने के बाद ठेकेदार और पर्यवेक्षण सलाहकार के खिलाफ कार्रवाई की खबर सामने आई थी।

# तीसरी लाइन की राह साफ, सर्वे अंतिम दौर में

**जबलपुर।** उत्तर भारत को दक्षिण और पश्चिम भारत से जोड़ने वाले अहम रेल कॉरिडोर पर अब ट्रेनों की रफ्तार और क्षमता बढ़ाने की तैयारी तेज हो गई है। मानिकपुर-सतना-कटनी-जबलपुर-इटारसी के बीच मौजूदा दोहरी रेल लाइन को तीसरी लाइन में बदलने की दिशा में चल रहा सर्वे अंतिम चरण में पहुंच गया है। सर्वे पूरा होते ही परियोजना की अगली औपचारिकताएं शुरू होंगी और इसके बाद निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। प्रयागराज से मानिकपुर के बीच तीसरी लाइन का काम कई हिस्सों में पूरा हो चुका है, जबकि मानिकपुर से जबलपुर-इटारसी तक का हिस्सा अब तक सर्वे के चरण में था।

पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर मंडल के वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक शशांक गुप्ता के अनुसार सर्वे के बाद परियोजना की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जा रही है। डीपीआर पूरी होने के बाद तीसरी लाइन के निर्माण के लिए टेंडर बुलाए जाएंगे और इसके बाद जमीनी स्तर पर काम शुरू होगा। तीसरी लाइन बनने से इस व्यस्त रेलखंड पर ट्रेनों की आवाजाही के लिए अतिरिक्त क्षमता मिलेगी और उत्तर-दक्षिण तथा पूर्व-पश्चिम दिशा के यातायात को सुचारु करने में मदद मिलेगी।

### युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला...

**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में कुलगुरु प्रो. मंदीप शमा की प्रेरणा से 'राष्ट्र निर्माण में युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य की भूमिका' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम के गायन के साथ हुआ।


संगोष्ठी में मुख्य वक्ता डॉ. अजय खरे ने छात्रों को संबोधित करते हुए युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य पर विस्तार से प्रकाश डाला। श्री खरे ने इस मौके पर कहा कि युवाओं का मानसिक स्वास्थ्य ही सशक्त राष्ट्र की आधारशिला है। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के डायरेक्टर एक्सटेंशन डॉ. सुनील नायक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

# तकनीकी पढ़ाई में हिंदी की दस्तक

**आज शहर में होगा 69 अभिलेखों पर मंथन**

**नवभारत, जबलपुर।** इंजीनियरिंग और तकनीकी शिक्षा में हिंदी के बढ़ते उपयोग को लेकर रविवार को शहर में राष्ट्रीय स्तर पर मंथन होगा। द इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया), जबलपुर लोकल सेंटर की ओर से 'हिंदी में तकनीकी शिक्षा का भविष्य : शिक्षण-अधिगम और करियर परिप्रेक्ष्य' विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में तकनीकी शिक्षा को हिंदी में उपलब्ध कराने की राह में आने वाली व्यावहारिक चुनौतियों पर चर्चा होगी।

तकनीकी विषयों की पुस्तकों के हिंदी में लेखन और प्रकाशन, पारिभाषिक शब्दावली तैयार करने, भाषा को सरल और सटीक बनाने के साथ विद्यार्थियों के सीखने और करियर पर इसके प्रभाव जैसे मुद्दे




विमर्श के केंद्र में रहेंगे।

### प्रतिभागियों द्वारा किया जाएगा वाचन

कार्यक्रम के दूसरे चरण में देश-विदेश से प्राप्त 69 अभिलेखों का प्रतिभागियों द्वारा वाचन किया जाएगा। इनमें तकनीकी शिक्षा के हिंदीकरण से जुड़े विभिन्न पहलुओं और संभावित समाधानों पर विचार रखे जाएंगे। इसके बाद समापन सत्र में पूरे विमर्श के निष्कर्षों और प्रस्तावों को सामने रखा जाएगा। महापौर जगत बहादुर सिंह के मुख्य आतिथ्य में सुबह 11 बजे संगोष्ठी का उद्घाटन होगा। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

मांग | एयरलाइंस एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समक्ष होगी डिमांड

# पुणे, इंदौर, पटना, चेन्नई, अहमदाबाद के लिए सीधी उड़ान हो शुरू

**जबलपुर।** नई उड़ानों एवं नए एयर रूट्स की जबलपुर में संभावनाओं को लेकर वायुसेवा संघर्ष समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई, जिसमें जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी को सुचारू, नियमित एवं विस्तारित करने को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में जबलपुर से इंदौर, पुणे, चेन्नई, अहमदाबाद, पटना, कोच्चि, गोवा सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए सीधी हवाई सेवाएं शुरू करने की आवश्यकता पर विशेष रूप से चर्चा हुई। सदस्यों ने कहा कि जबलपुर महाकौशल क्षेत्र का प्रमुख व्यापारिक, औद्योगिक, शैक्षणिक, पर्यटन एवं प्रशासनिक केंद्र है और बेहतर हवाई संपर्क क्षेत्र के आर्थिक विकास के लिए आवश्यक है। वायुसेवा संघर्ष



समिति के संयोजक हिमांशु खरे ने बताया कि पुणे, इंदौर, पटना, चेन्नई, अहमदाबाद के लिए सीधी उड़ानों की मांग को प्राथमिकता के साथ संबंधित एयरलाइंस एवं नागरिक उड्डयन मंत्रालय के समक्ष रखा जाएगा। जबलपुर से वर्तमान में संचालित उड़ानों की नियमितता एवं स्थायित्व सुनिश्चित करने के लिए एयरलाइंस से संवाद किया जाएगा।

### बंद इंदौर फ्लाइट फिर हो प्रारंभ

इसी कड़ी में उन्होंने इंडिगो एयरलाइंस के उच्च सेल्स प्रबंधन से दूरभाष पर बात कर उन्हें इंदौर की बंद की गई फ्लाइट को पुन: आरंभ करने पर चर्चा की। हिमांशु खरे से चर्चा में इंडिगो प्रबंधन ने बताया कि जबलपुर को अहमदाबाद वाया इंदौर, जबलपुर गोवा वाया इंदौर, जबलपुर पुणे वाया इंदौर, जबलपुर कोलकाता वाया इंदौर जोड़ने पर प्रस्ताव बनाया गया है। इससे विमानन कंपनी को पर्याप्त यात्री संख्या मिलेगी, जबलपुर की कनेक्टिविटी भी कई शहरों से हो सकेगी।

### कनेक्टिविटी से व्यापार, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा, रोजगार के खुलेंगे द्वार

समिति के बलदीप मैनी, गीता शरत तिवारी, हिमांशु राय, डॉ अंजना तिवारी ने बताया कि नए हवाई मार्गों के लिए यात्री मांग, संभावित यात्री संख्या एवं क्षेत्र की व्यावसायिक आवश्यकता से संबंधित तथ्य एवं आंकड़े एकत्र कर इंडिगो एवं अन्य एयरलाइंस के समक्ष प्रस्तुत किए जाएंगे। जबलपुर की हवाई कनेक्टिविटी के विस्तार के लिए जनप्रतिनिधियों, व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों तथा अन्य संबंधित संस्थाओं के साथ समन्वित प्रयास किए जाएंगे। वायुसेवा संघर्ष समिति के मनु शरत तिवारी, सुनील श्रीवास्तव, आई के खन्ना, अभिषेक जैन, आदित्य जैन ने बताया कि समिति द्वारा एयरलाइंस एवं संबंधित विभागों के साथ हुई चर्चाओं और प्रगति की नियमित समीक्षा की जाएगी तथा आवश्यकता पड़ने पर आगे की रणनीति तय की जाएगी।वायुसेवा संघर्ष समिति ने कहा कि जबलपुर को देश के प्रमुख शहरों से बेहतर सीधी हवाई कनेक्टिविटी दिलाना केवल शहर की सुविधा का विषय नहीं, बल्कि महाकौशल के व्यापार, उद्योग, पर्यटन, शिक्षा और रोजगार के विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। इसके लिए समिति निरंतर प्रयास जारी रखेगी।